# श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में करीब 3 लाख भक्तों ने किए दर्शन

## पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

**नवभारत, दमोह.** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर भोले बाबा सहित और भी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा.पट खुलते ही बम बम भोले की गूंज से मंदिर और आसपास गूंज उठा. भगवान के जयकारे के जमकर जय कांवरिया द्वारा लग रहे हैं. दूर-दूर से आए कांवरिया को पर्याप्त व्यवस्था के लिए इंतजाम किए गए हैं. यहां पर जो आज फूलों की गुत्थी से सजाया गया,मंदिर अति सुंदर लग रहा है. यह व्यवस्था भोले बाबा की कृपा से दमोह सांसद राहुल सिंह के द्वारा की गई.उन्होंने भी सुबह पहुंचकर भोले बाबा के दर्शन कर जल अभिषेक कर मंदिर का जायजा लिया. दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस





अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम आरएल बागरी, एडिशनल एसपी-2 प्रशांत सिंह सुमन, एडीएम मीना मसराम,एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, तहसीलदार प्रीतम सिंह, रघुनंदन चतुर्वेदी,आशुतोष गुप्ता,राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, शिवम गोस्वामी, शुभम बर्दिया, पारस जैन, धनीराम टेकाम, प्रतीक पटेल, जयराम पटेल के अलावा और भी राजस्व विभाग मौजूद रहा.वहीं थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को यातायात की कमान संभाले हुए थे.साथ ही गर्भ गृह में मडियादो थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रीति पांडे, सब इंस्पेक्टर मिनी पाठक,विक्रम दांगी, केरवना चौकी प्रभारी एस एन यादव,निकासी गेट पर धर्मेंद्र गुर्जर, विश्राम गृह मे अमित मिश्रा, कांवरिया गेट पर सब इंस्पेक्टर चंदन सिंह, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,चौकी प्रभारी आनंद कुमार,और भी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी पुलिस बल मौजूद रहा।मंदिर ट्रस्ट के द्वारा सीसीटीवी कैमरे, 3 एलईडी, वॉलिंटियर के अलावा और भी व्यवस्थाएं व्यवस्थित की गई हैं.जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी न जाए. मंदिर ट्रस्ट के बताएं अनुसार 3 लाख भक्तों ने दर्शन किए. शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन का सिलसिला जारी है.सीएमएचओ डॉ राकेश कुमार अठिया के निर्देशन में मेडिकल टीम में नितिन, उपाध्याय, प्रजापति भी यहां पर मौजूद है. अगर किसी श्रद्धालु को कोई भी बीमारी दिक्कत जाती है, तो मेडिकल टीम कमान संभाल रही है.मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मेहता,सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, पंडित रामकृपाल पाठक, सदस्य गण उपस्थित है.खास बात तो यह है कि मंदिर गर्भ ग्रह की साफसफाई और भी मंदिर परिसर की साफ सफाई करने में विशेष कर्मचारी लगे हुए हैं. मंदिर के पंडित पुजारी गण अपनी-अपनी व्यवस्थाओं में कार्य कर रहे हैं.



## कुम्हारी में निकली शिवबारात

**कुम्हारी।** भगवान भोलेनाथ की नगर में निकली भव्य बारात का जगह जगह पूजन हुआ। नगर परिक्रमा उपरांत विवाह हुआ। इस दौरान भक्तों में उत्साह नज़र आया, सभी धर्म प्रेमियों ने आरती करके, जयकारा लगाया, प्रसाद वितरण हुआ।



श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में रात करीब 3 :30 बजे लबालब भीड़



## एसपी पहुंचे बांदकपुर मंदिर

पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने देर सुबह 5 बजे पहुंचकर बांदकपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर भीड़भाड़ का जायजा लिया .साथ ही मंदिर परिसर और मेला का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए .इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया,एएसपी-2 प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार प्रीतम सिंह,एसडीओपी प्रिया सिंधी टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, सब इंस्पेक्टर एसएन यादव सहित और भी अधिकारीगण मौजूद है .



खाद्य सुरक्षा अधिकारी (डीओ) राकेश अहिरवार ने बांदकपुर पहुंचकर खान-पान और प्रसादी को चैक किया .



दमोह .आनु में वासियों द्वारा प्रसाद वितरित किया गया .



दमोह . आनु में वंटी असाटी द्वारा भी प्रसाद वितरित किया गया

# भव्य शिव वरयात्राओं ने बांधा समां

## पुराने थाने से बांदकपुर धाम तक निकली ऐतिहासिक शिव बारात

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दमोह जिले में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला.शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकली शिव वरयात्राओं ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया.डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच हजारों श्रद्धालु शिव बारात में शामिल हुए. पिछले कई वर्षों से पुराने थाने क्षेत्र से स्व. सोनू चौरसिया द्वारा प्रारंभ की गई. शिव वरयात्रा की परंपरा उनके स्वर्गवास के बाद भी निरंतर जारी है. स्थानीय युवाओं और श्रद्धालुओं ने उसी उत्साह के साथ इस परंपरा को आगे बढ़ाया.युवा पहले भोलेनाथ की




प्रतिमा को लाने पहुंचे, विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर बारात प्रारंभ हुई. यह भव्य शोभायात्रा उमा मिस्त्री की तलैया, घंटाघर, टॉकीज चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बांदकपुर धाम पहुंची.सीएसपी एचआर पांडे,टीआई कोतवाली मनीष कुमार और पुलिस बल विशेष रूप से मौजूद रहा.हर चौराहे पर बारात का जोरदार स्वागत किया गया. शिवाजी पार्क टॉकीज चौराहे पर शिव प्रतिमा पूजाअर्चना की विशेष के साथ भारत माता की आरती की गई और विशाल धर्म ध्वजा फहराई गई.



इस अवसर पर मध्यप्रदेश लघु व्यापारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पाराशर, प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र जैन, जिला अध्यक्ष पंकज सोनी सहित युवा पत्रकार कल्याण संघ के पदाधिकारी में संदीप पाठक, दिनेश चौबे, संदीप शर्मा,उमेश महाराज अर्पण सोनी, सेलू चौरसिया, दीपक सोनी, आकाश ठाकुर,सोनू ठाकुर,राजेंद्र ठाकुर,पवन विश्वकर्मा, अक्षत असाटी, मनोज जैन, संजय असाटी सभी ने बारातियों को फलाहार करा कर जलपान कराया और बारात का भव्य स्वागत किया गया व अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# जटाशंकर धाम से निकली विशाल शिव वरयात्रा



इसी क्रम में जटाशंकर धाम से भी मोनू पाठक के मार्गदर्शन में भव्य शिव वरयात्रा निकाली गई. यह यात्रा जटाशंकर शिव मंदिर से प्रारंभ होकर सिविल वार्ड, बस स्टैंड, घंटाघर और अस्पताल चौराहा होते हुए पुन: मंदिर परिसर में पहुंची, जहां विधि-विधान से भगवान शिव का विवाह समारोह संपन्न होगा.बारात में शामिल श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते और भूत-प्रेत का स्वरूप धारण कर शिव बारात की परंपरागत झलक प्रस्तुत करते नजर आए.जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत से वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा.हजारों की संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर उमड़े और देर रात तक शहर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहेगा



महाशिवरात्रि के इस आयोजन ने एक बार फिर दमोह की धार्मिक एकता और सांस्कृतिक जीवंतता को प्रदर्शित किया गया.इस दौरान जटाशंकर धाम के अध्यक्ष अंजू खत्री,पंडित मोनू पाठक के अलावा शहर के गणमान्य जन,वरिष्ठ, युवा, महिलाएं,बच्चे मौजूद रहे।




## प्रसाद वितरण किया गया

सशक्त सामाजिक जन कल्याण समिति के द्वारा महा शिवरात्रिपर्व पर श्री जानकी रमन बूंदाबहू मंदिर में शंकर लाल मित्र मंडली के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

## एक नजर में



### जैन विद्यापीठ स्कूल में मान स्तंभ शिलान्यास समारोह

**कुम्हारी।** पदम प्रभु जी के मंदिर में दिन रविवार को विधि विधान से पूजनकर श्री चतुविंशती तीर्थंकर मान स्तंभ शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन जैनोदय ज्ञान विद्यापीठ स्कूल कुम्हारी में हुआ, जहां मुनि श्री 108 मंगलानंद सागर जी एवं श्री 108 मंगल सागर जी के आशीर्वाद जिसमें प्रतिष्ठाचार्य होंगे ब्रह्मचारी धीरज भैया राहतगढ़ वाले संघस्थ डॉ निलेश भैया के द्वारा पूजन विधान करके आज शिलान्यास किया गया7 दिल्ली से आए हुए जगभूषण जैन, इंदु जैन, सुनील जैन,अनुभव जैन, वही इनका विशेष सहयोग दिगंबर जैन समाज जिसमे लाल चंद जैन, नेमीचंद जैन, अशोक जैन, शिखर जैन, राजकुमार जैन, विनोद जैन, रेखा जैन, नीरज जैन, सहित कार्यक्रम में सकल जैन समाज शामिल रहा।



### श्री संत शिरोमणि सदगुरु रविदास जी की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री

**नवभारत,दमोह .** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है।आज का दिन उनके लिए प्रसन्नता और संतोष का दिन है तथा वे इस पावन अवसर पर आमंत्रित किए जाने के लिए आयोजक अयोध्या प्रसाद जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।मंदिर प्रांगण का निर्माण स्थानीय श्रद्धालुओं एवं जनसहयोग से किया गया है,जो सराहनीय पहल है। ऐसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता,श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं।इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम बड़ी सागौनी कला में श्री संत शिरोमणि सदगुरु रविदास जी की प्रतिमा स्थापना व भंडारा कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए ।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समिति द्वारा रखी गई मांगों पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने आश्वस्त किया कि मंदिर परिसर से संबंधित सड़क व नाली निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएंगे ।उन्होंने कहा कि जिन लोगों को वास्तविक आवश्यकता है, उनके बीच जाकर विकास कार्य करना संतोष और सुख का विषय है। उन्होंने मंदिर समिति, गुरुजनों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया ।राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सागर में लगभग 101 करोड़ से अधिक की लागत से विश्व का सबसे विशाल संत शिरोमणि रविदास मंदिर व संग्रहालय निर्मित कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने संत जनों का पुष्प मालाओं और शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 15 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवभारत,दमोह।** फांसी लगा लेने पर एक 15 वर्षीय किशोर को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया .जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया .प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल वार्ड नंबर एक शोभा नगर निवासी ईश्वर ठाकुर 15 वर्ष पिता राकेश ठाकुर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली .

# पथरिया में उमड़ा आस्था का सैलाब



**नवभारत,पथरिया/दमोह.** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों व अन्य पवित्र स्थलों पर भक्त सुबह से ही स्नान कर पहुँचने लगे, महोत्सव दिन भक्त व्रत रखकर शिवलिंग पर दूध, दही, हल्दी, शहद व जल से अभिषेक कर फूल-फल, बेलपत्र, तुलसी, धतूरा, भांग चंदन चढ़ाकर मंत्रोंच्चारण व पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन करते हैं। प्रतिवर्ष वर्षानुसार इस वर्ष भी सागर रोड तहसील प्रांगण मंदिर में विराजे श्री सिद्धेश्वर महादेव देवस्थानम में 10 वें महाशिवरात्रि महोत्सव की हफ्तेभर पूर्व से नगर धूम है। मंदिर में प्रात: काल से महारुद्राभिषेक शिवार्चन और हवन-पूजन का क्रम जारी रहा। भव्य बारात बड़ी खेर माता से 6:00 बजे से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ हुई जिसमें विशेष आकर्षण:बनारस की तर्ज पर गंगा आरती, अघोरी नृत्य, बाहुबली हनुमान स्वरूप और विराट सनातनी अखाड़ा।

### भक्ति का संगम

राधा-कृष्ण नृत्य,मनमोहक आतिशबाजी और आदियोगी प्रभु के विराट दर्शन।नगर के कई हजार श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहीं धार्मिक अनुष्ठान: सुबह से ही मंदिर में महरुद्राभिषेक,शिवार्चन और हवन-पूजन सहित बारात की तैयारियों का क्रम जारी रहा।

# महाशिवरात्रि पर धर्ममय हुआ नगर निकली शिवजी की बारातें

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही नगर में स्थित शिव मंदिरो मे श्रद्धालूओं भारी भीड़ पूजा अर्चना करते नजर आई.खास कर पीपलेश्वर महादेव मंदिर पांचवी मंदिर रेस्ट हाउस के पास शिव मंदिर तारादेही तिहारा शिव मंदिर दिन जहां शारदा मंदिर से शिवजी की बारात साहू समाज निकाली गई.वहीं शाम को थाना प्रांगण स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर से शिवजी की विशाल बारात निकाली. जिसमें हज़ारो की संख्या मे श्रदांलु शामिल हुए.बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ. बारात प्रमुख रुप से नगर के युवाओं के साथ प्रशासन कर्मचारी राजनितिक दलों के नेता कार्यकर्ता आम जन जिनमे महिला पुरूष,बच्चे शामिल रहे. विशाल भंडरा का आयोजन आकाश साहू जनपद लिपिक द्वारा इसी साथ अन्य जगह युवाओ द्वारा भंडरा अयोजित हुए.जिसमें बड़ी सख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया.



# भूत प्रेत बनकर आए बाराती



**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** महा शिवरात्रि के पावन पर्व में बैंड बाजों और डी जे की धुन के बीच भगवान भोले नाथ की भव्य बरात निकाली गई। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक झांकियां बारात में आकर्षण का केंद्र रहीं।तिलगुआ मंदिर से उठी बरात निर्धारित मार्गो पर भ्रमण करने के बाद उसका समापन पौड़ी तिराहा शिव मंदिर प्रांगण में हुआ। पंडाल लगाकर लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया।सिंग्रामपुर में महाशिवरात्रि के दिन शिव बरात निकालने की शुरुआत स्वर्गीय रवि शंकर यादव द्वारा की गई थी जो आज भी बरकरार है। अंकित यादव की अगुवाई में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शिव बारात का भव्य आयोजन कराया गया। शिव बारात की भव्य शोभायात्रा तिलगुआ से रानी दुर्गावाती तिराहा होते हुए निर्धारित मार्गों से रेंज के पास स्थित शिव मंदिर तक पहुंची,भव्य शोभा यात्रा देखने के लिए आस्था का समुंदर उमड़ पड़ा। बारात में बैंड, बाजों और डी जे की धुन के बीच जहां युवा थिरक रहे थे वहीं हर-हर महादेव के नारों से समूचा कस्बा गुंजायमान हो उठा। शिव बारात में चल रहे तिलगुआ का प्रसिद्ध अखाड़ा जहां करतब दिखाते हूये चल रहा तो साथ ही भूत पिशाच नंदी आदि शिव जी के गण आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान जगह-जगह पर लोगों ने बारात का भव्य स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया ।शिव बारात धूमधाम से संपन्न हुई। होने पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के भी समस्त ग्राम वासियों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।

**महोत्सव** | तृतीय नोहलेश्वर महोत्सव 2026 नवां दिवस

# आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता का विराट उत्सव : राज्यमंत्री लोधी

## कविता पाठ से राष्ट्रभक्ति और काव्य रस से सराबोर हुआ महोत्सव

**नवभारत,दमोह.** जिले के जबेरा विधानसभा अंतर्गत नोहटा में आयोजित तृतीय नोहलेश्वर महोत्सव के नवें दिवस पर भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन तथा महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों व शासकीय अधिकारियों का सम्मान कर शिक्षा जगत के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं,बल्कि यह क्षेत्र की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और शैक्षणिक प्रगति का विराट उत्सव है। सरकार संस्कृति और शिक्षा दोनों को समान महत्व देते हुए बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपराओं को नई पहचान दिलाने के लिए सतत कार्य कर रही है। सांसद लता वानखेड़े ने कहा बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत और भक्ति की त्रिवेणी में डूबकर मन अत्यंत प्रफुल्लित है। इस शानदार आयोजन के लिए संस्कृति व पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह को हृदय से बधाई देती हूँ। आपकी विकासवादी सोच और संस्कृति के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि नोहलेश्वर महोत्सव अपनी भव्यता से नई पहचान बना रहा है।सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव से आमजन सांस्कृतिक और धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं।यह महोत्सव अपने आप मे भव्य और दिव्य बनते जा रहा हैं।



> पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि नोहटा की यह पावन धरा आज साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी बन चुकी है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव 2026 के मंच पर जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के शासकीय प्राचार्यों का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है।



# मारपीट से आहत होकर की आत्महत्या

**नवभारत,हटा/दमोह.** रनेह क्षेत्र में कथित मारपीट से आहत होकर आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया है ।घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। परिजनों और ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया था जानकारी के अनुसार, मृतक राजकुमार राय ने शराब दुकान कर्मचारियों द्वारा कथित मारपीट व अभद्र व्यवहार से आहत होकर आत्मघाती कदम उठाया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया ।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया था पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी-जगदीश राय 35 निवासी टसगोरा, थाना मोहनगढ़, बृजेन्द्र राय 32 निवासी तालमऊ, थाना बल्देवगढ़, जिला टीकमगढ़ को गिरफ्तार किया। इसके बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध धारा 108, 115(2), 296(बी), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।